# पहेली (Puzzle)

**1. एक समूह में A, B, C और D चार व्यक्ति दो विवाहित जोड़ों के रूप में हैं। दोनों स्त्रियां अपने-अपने पतियों से लंबाई में छोटी हैं। A की लंबाई, चारों में सबसे अधिक है। C की लंबाई B से अधिक है। D, B का भाई है। इस संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**

(a) सभी चारों व्यक्तियों में पारिवारिक संबंध हैं।
(b) इन चारों में, B की लंबाई सबसे कम है।
(c) C की लंबाई D से अधिक है।
(d) A, B का पति है।


**उत्तर—(c)**

A $\rightarrow$ सबसे लंबा है, अर्थात वह पुरुष (पति) है।
C > B $\rightarrow$ C, B से बड़ा है।
D – B $\rightarrow$ D, B का भाई है अर्थात वह D पुरुष (पति) है और B स्त्री है।
प्रश्न के अनुसार सभी की स्थिति-
A – पति
B – स्त्री
C – स्त्री
D – पति
उपलब्ध आंकड़ों से यह बताया जा सकता है कि C की लंबाई D से अधिक नहीं है क्योंकि D पति (पुरुष) है और B स्त्री का भाई है यानी C, D की पत्नी होगी। इस प्रकार D की लंबाई C से अधिक होगी। अतः विकल्प (c) का कथन सही नहीं है।

**2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. एक आदमी के परिवार में एक पत्नी, दो पुत्र और दो पुत्रियां थीं।**
**2. पुत्रियों को एक भोज पर आमंत्रित किया गया और परिवार के पुरुष सदस्य पिकनिक पर बाहर चले गए।**
**3. उस आदमी का पिता अपने काम से वापस नहीं लौटा।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) केवल उस आदमी की पत्नी ही घर पर रह गई थी।
(b) यह संभावना है कि उस आदमी की पत्नी ही घर पर रह गई थी।
(c) घर पर कोई भी नहीं रह गया था।
(d) घर पर एक से अधिक व्यक्ति रह गए थे।

**उत्तर—(a)**




चित्र की सहायता से प्रश्न को हल करने पर यह ज्ञात होता है कि निश्चित रूप से केवल उस आदमी की पत्नी ही घर पर रह गई थी क्योंकि दोनों पुत्रियां भोज में बाहर चली गईं एवं पुरुष सदस्य (वह आदमी एवं उसका पुत्र) पिकनिक पर बाहर चले गए तथा उस आदमी के पिता (दादा) काम से वापस नहीं लौटे, तब घर पर सिर्फ पत्नी ही रह गई थी।

**3. एक परिवार में 6 सदस्य A, B, C, D, E तथा F हैं परिवार में दो विवाहित दंपत्ति हैं। परिवार के सदस्य वकील, अध्यापक, विक्रेता, इंजीनियर, लेखाकार और चिकित्सक हैं। विक्रेता D, अध्यापक महिला से विवाहित है। चिकित्सक, वकील से विवाहित है। लेखाकार F, B का पुत्र तथा E का भाई है। वकील C, A की पुत्र-वधू है। E अविवाहित इंजीनियर है। A, F की दादी है। E का F से क्या संबंध है?**

(a) भाई
(b) बहन
(c) पिता
(d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**उत्तर—(d)**

सदस्य D विक्रेता पुरुष $\rightarrow$ A अध्यापक महिला
B चिकित्सक पुरुष $\rightarrow$ C वकील महिला
F एवं E बच्चे हैं, जिनमें F पुत्र हैं किंतु इंजीनियर E पुत्र है अथवा पुत्री
यह दिए गए तथ्यों से ज्ञात किया जाना संभव नहीं है।

**निर्देश—अगले चार प्रश्नांशों के लिए : नीचे दी गई सूचना के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नांशों का उत्तर दीजिए—**
**गोपाल, हर्ष, इंदर, जय और कृष्णन के स्वनगर अहमदाबाद, भोपाल, कटक, दिल्ली तथा एर्नाकुलम (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) हैं। वे इंजीनियरिंग, चिकित्सा, वाणिज्य, अर्थशास्त्र तथा इतिहास के कॉलेजों में पढ़ रहे हैं (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं)। पांचों लड़कों में से कोई भी अपने स्वनगर में नहीं पढ़ रहा है, परन्तु प्रत्येक लड़का उपरोक्त नगरों में से एक में पढ़ रहा है।**

**निम्नलिखित भी दिया गया है—**

(i) गोपाल का स्वनगर एर्नाकुलम है।

(ii) हर्ष अहमदाबाद अथवा भोपाल में नहीं पढ़ रहा।

(iii) अर्थशास्त्र कॉलेज भोपाल में है।

(iv) इंदर का स्वनगर कटक है।

(v) कृष्णन दिल्ली में पढ़ रहा है।

(vi) जय एर्नाकुलम में पढ़ रहा है तथा इतिहास कॉलेज उसके स्वनगर अहमदाबाद में स्थित है।

(vii) इंजीनियरिंग कॉलेज एर्नाकुलम में स्थित है।

**ऊपर दी गई सूचना के आधार पर अगले चार प्रश्नांशों का उत्तर दीजिए :**

**4. कृष्णन का स्वनगर कौन-सा है?**

(a) अहमदाबाद (b) कटक

(c) भोपाल (d) नहीं जाना जा सकता

**उत्तर—(c)**

प्रश्न में प्रदत्त सूचनाओं से सभी पांच छात्रों एवं उनके गृहनगर तथा अध्ययन जिले का सुमेलन इस प्रकार किया जा सकता है—

**सारणी-1**

| **छात्र** | **गोपाल** | **हर्ष** | **इंदर** | **जय** | **कृष्णन** |
|---|---|---|---|---|---|
| **गृहनगर** | एर्नाकुलम | दिल्ली | कटक | अहमदाबाद | भोपाल |
| **अध्ययन जिला** | भोपाल/ अहमदाबाद | कटक भोपाल/ अहमदाबाद | | एर्नाकुलम | दिल्ली |

इसी प्रकार जिले एवं वहां स्थित कॉलेजों का सुमेलन इस प्रकार संभव है—

**सारणी-2**

| जिला | एर्नाकुलम | दिल्ली कटक | अहमदाबाद | भोपाल |
|---|---|---|---|---|
| कॉलेज | इंजीनियरिंग | वाणिज्य या चिकित्सा | इतिहास | अर्थ. |

सारणी-1 से स्पष्ट है कि कृष्णन का गृहनगर भोपाल है।

**5. इंदर के स्वनगर में कौन-सा कालेज स्थित है?**

(a) वाणिज्य कालेज (b) चिकित्सा कालेज

(c) अर्थशास्त्र (d) वाणिज्य अथवा चिकित्सा कालेज

**उत्तर—(d)**

इंदर का स्वनगर कटक है। प्रश्न 22 की व्याख्या में प्रस्तुत सारणी से स्पष्ट है कि दिल्ली एवं कटक में वाणिज्य या चिकित्सा कॉलेज स्थित है। यह निश्चित नहीं किया जा सकता है कि किस नगर में इन दोनों में से कौन-सा कॉलेज स्थित है अतः विकल्प (d) सही उत्तर होगा।

**6. भोपाल में कौन पढ़ रहा है?**

(a) गोपाल (b) हर्ष

(c) गोपाल अथवा इंदर (d) इंदर अथवा हर्ष

**उत्तर—(c)**

गोपाल या इंदर का अध्ययन जिला भोपाल या अहमदाबाद में से कोई एक हो सकता है। यह निश्चित नहीं है कि भोपाल में गोपाल पढ़ रहा है या इंदर।

**7. यदि इंदर अहमदाबाद में पढ़ रहा हो, तब निम्नलिखित व्यक्ति-स्वनगर-पढ़ने का स्थान समूहों में कौन-सा एक सही सुमेलित है?**

(a) गोपाल-एर्नाकुलम-दिल्ली

(b) जय-अहमदाबाद-एर्नाकुलम

(c) कृष्णन-दिल्ली-एर्नाकुलम

(d) हर्ष-भोपाल-दिल्ली

**उत्तर—(b)**

यदि इंदर का अध्ययन जिला अहमदाबाद निश्चित कर दिया जाए, तो गोपाल का अध्ययन जिला भोपाल निश्चित हो जाएगा और प्रश्न 22 की व्याख्या में प्रस्तुत सारणी-1 सुमेलित हो जाएगी। इसी सारणी से यह भी स्पष्ट है कि विकल्प B में प्रस्तुत समूह सुमेलित है अर्थात जय का स्वनगर अहमदाबाद में है और वह एर्नाकुलम में पढ़ रहा है।

**प्रश्न संख्या 8-10 तक के लिए निर्देश :**

**निम्नलिखित कथनों का सावधानी से परीक्षण कीजिए और उसके बाद आने वाले तीन प्रश्नांशों का उत्तर दीजिए :**

**चार मित्रों A, B, C और D में से,**

**A और B फुटबॉल और क्रिकेट खेलते हैं,**

**B और C क्रिकेट और हॉकी खेलते हैं,**

**A और D बास्केटबॉल और फुटबॉल खेलते हैं,**

**C और D हॉकी और बास्केटबॉल खेलते हैं।**

**8. हॉकी कौन नहीं खेलता?**

(a) D (b) C

(c) B (d) A

**उत्तर—(d)**

प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर

| **मित्र** | **खेल** |
|---|---|
| A | फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल |
| B | फुटबॉल, क्रिकेट, हॉकी |
| C | हॉकी, बास्केटबॉल, क्रिकेट |
| D | बास्केटबॉल, फुटबॉल, हॉकी |

चित्र से स्पष्ट है कि A हॉकी नहीं खेलता।

**9. फुटबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी कौन खेलता है?**

(a) D (b) C

(c) B (d) A

**उत्तर—(a)**

D फुटबॉल, बास्केटबॉल तथा हॉकी खेलता है।

**10. B, C और D कौन-सा खेल खेलते हैं?**

(a) बास्केटबॉल (b) हॉकी

(c) क्रिकेट (d) फुटबॉल

**उत्तर—(b)**

B, C तथा D तीनों हॉकी खेलते हैं।

**11. निम्नलिखित परिच्छेद और उसके उपरांत इसी परिच्छेद के आधार पर दिए गए दो कथनों को पढ़िए :**

**दिल्ली हवाई अड्डे पर मुंबई की उड़ान के लिए चार व्यक्ति प्रतीक्षा कर रहे हैं। दो डॉक्टर हैं और शेष दो व्यापारी हैं। दो गुजराती बोलते हैं और दो तमिल। किसी भी एक व्यवसाय के दो व्यक्ति एक भाषा नहीं बोलते। दो मुसलमान हैं और दो ईसाई किसी भी एक धर्म के दो व्यक्ति एक व्यवसाय में नहीं हैं, न ही एक भाषा बोलते हैं। तमिल बोलने वाला डॉक्टर ईसाई है।**

**1. ईसाई व्यापारी गुजराती बोलता है।**

**2. गुजराती बोलने वाला डॉक्टर मुसलमान है।**

**उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही निष्कर्ष है/हैं?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर—(c)**

प्रश्न को निर्देशानुसार व्यवस्थित करने पर-

| व्यवसाय | भाषा | धर्म |
|---|---|---|
| डॉक्टर | तमिल | ईसाई |
| डॉक्टर | गुजराती | मुसलमान |
| व्यापारी | गुजराती | ईसाई |
| व्यापारी | तमिल | मुसलमान |

(i) ईसाई व्यापारी गुजराती बोलता है, सत्य है।

(ii) गुजराती बोलने वाला डॉक्टर मुसलमान है, सत्य है।

अतः दोनों निष्कर्ष सत्य हैं।

**निर्देश - निम्नलिखित जानकारी के आधार पर प्रश्न सं. 12 और 13 का उत्तर दीजिए।**

छः व्यक्ति (A, B, C, D, E और F) एक उपन्यासको पढ़ते हैं लेकिन उनके पास पुस्तक की केवल एक ही प्रति है। इसलिए उपन्यास को एक समय, एक ही व्यक्ति पढ़ सकता है, उनके उपन्यास को पढ़ने की विधि को ध्यान से देखने पर निम्नलिखित बातें सामने आती हैं -

- दो व्यक्तियों ने E से पहले उपन्यास को पढ़ लिया है।
- C अंतिम व्यक्ति को उपन्यास देता है।
- F के पढ़ने के पहले, B और D ने उपन्यास को पढ़ना समाप्त कर दिया है।
- A और F के बीच तीन व्यक्ति हैं,जो पुस्तक पढ़ चुके हैं।
- A को D से उपन्यास नहीं मिलता।

**12. उपन्यास को पढ़ने वाला पहला व्यक्ति कौन है?**

(a) D (b) A

(c) B (d) F

**उत्तर—(c)**

| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A | | ✓ | | | | |
| B | ✓ | | | | | |
| C | | | | | ✓ | |
| D | | | | ✓ | | |
| E | | | ✓ | | | |
| F | | | | | | ✓ |

दिए गए छः व्यक्तियों को प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर स्पष्ट है कि E तीसरे स्थान पर तथा C पांचवें स्थान पर होगा।

∵ A और F के बीच तीन व्यक्ति हैं।

∴ F छठें स्थान पर होगा, तो A का स्थान दूसरा होगा।

A को D से उपन्यास नहीं मिलता अर्थात B से मिलेगा, B का प्रथम स्थान होगा। इस प्रकार उपन्यास पढ़ने का क्रम B > A > E > D > C > F है। अतः उपन्यास पढ़ने वाला पहला व्यक्ति B है।

**13. उपन्यास को पढ़ने वाला चौथा व्यक्ति कौन था?**

(a) D (b) A

(c) B (d) F

**उत्तर—(a)**

उपर्युक्त प्रश्नानुसार ग्राफ से स्पष्ट है कि उपन्यास पढ़ने वाला चौथा व्यक्ति D है।

**निर्देश (प्र. क्र. 14 से 18) :**

**नीचे दिए गए परिच्छेद में दी गई सूचना पर विचार कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

**पांच विषयों, जैसे कि अर्थशास्त्र, इतिहास, सांख्यिकी, अंग्रेजी और गणित, पर एक सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक अतिथि व्याख्यानों का इंतजाम करना है, प्रत्येक दिन केवल एक व्याख्यान का इंतजाम किया जा सकता है। अर्थशास्त्र को मंगलवार को अनुसूचित नहीं किया जा सकता। इतिहास का अतिथि प्राध्यापक**

**केवल मंगलवार को उपलब्ध है। गणित का व्याख्यान, अर्थशास्त्र के व्याख्यान के दिन के ठीक अगले दिन ही अनुसूचित करना है। अंग्रेजी का व्याख्यान अर्थशास्त्र के व्याख्यान वाले दिन के ठीक एक दिन पहले अनुसूचित करना है।**

**14. सोमवार को कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है?**

(a) इतिहास (b) अर्थशास्त्र

(c) गणित (d) सांख्यिकी

**उत्तर—(d)**

प्रश्नगत निर्देशानुसार व्यवस्थित करने पर-

| दिन | व्याख्यान |
|---|---|
| सोमवार | सांख्यिकी |
| मंगलवार | इतिहास |
| बुधवार | अंग्रेजी |
| गुरुवार | अर्थशास्त्र |
| शुक्रवार | गणित |

सोमवार को सांख्यिकी का व्याख्यान अनुसूचित है।

**15. सांख्यिकी और अंग्रेजी के बीच में कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है?**

(a) अर्थशास्त्र (b) इतिहास

(c) गणित (d) कोई व्याख्यान नहीं

**उत्तर—(b)**

सांख्यिकी और अंग्रेजी के बीच में इतिहास का व्याख्यान अनुसूचित है।

**16. सप्ताह में कौन-सा व्याख्यान अंतिम है?**

(a) इतिहास (b) अंग्रेजी

(c) गणित (d) अर्थशास्त्र

**उत्तर—(c)**

सप्ताह में गणित का व्याख्यान अंतिम है।

**17. बुधवार को कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है?**

(a) सांख्यिकी (b) अर्थशास्त्र

(c) अंग्रेजी (d) इतिहास

**उत्तर—(c)**

बुधवार को अंग्रेजी का व्याख्यान अनुसूचित है।

**18. गणित के व्याख्यान के पहले कौन-सा व्याख्यान अनुसूचित है?**

(a) अर्थशास्त्र (b) इतिहास

(c) सांख्यिकी (d) अंग्रेज़ी

**उत्तर—(a)**

गणित के व्याख्यान के पहले अर्थशास्त्र का व्याख्यान अनुसूचित है।

**निर्देश (प्र. क्र. 19 से 21) :**

**निम्नलिखित सूचनाओं को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

**एक परिवार में A, B, C, D, E और F छः सदस्य हैं। वे मनोवैज्ञानिक, प्रबंधक, वकील, स्वर्णकार, चिकित्सक और इंजीनियर (अभियंता) हैं। डॉक्टर F के दादाजी हैं, जो कि एक मनोवैज्ञानिक हैं। प्रबंधक D का विवाह A से हुआ है। C, स्वर्णकार का विवाह वकील से हुआ है। B, E व F की माताजी हैं। परिवार में दो विवाहित युग्म हैं।**

**19. A का E से क्या संबंध है?**

(a) पिताजी (b) दादाजी

(c) चाचाजी (d) भाई

**उत्तर—(b)**

| सदस्य | व्यवसाय |
|---|---|
| A | मनोवैज्ञानिक |
| B | वकील |
| C | स्वर्णकार |
| D | प्रबंधक |
| E | इंजीनियर (अभियंता) |
| F | डॉक्टर (चिकित्सक) |

चूंकि E व F, B के बच्चे हैं एवं A जो मनोवैज्ञानिक हैं F के दादाजी हैं। अतः यह स्पष्ट है कि A, E के भी दादाजी होंगे।

**20. निम्नलिखित में से परिवार के विवाहित युग्म कौन-से हैं?**

(a) AD और CE (b) AD और FC

(c) AD और BE (d) AD और BC

**उत्तर—(d)**

परिवार में AD एवं BC विवाहित जोड़े हैं।

**21. E का व्यवसाय क्या है?**

(a) वकील

(b) चिकित्सक

(c) इंजीनियर (अभियंता)

(d) निश्चित नहीं किया जा सकता

**उत्तर—(c)**

"E" व्यवसाय से इंजीनियर (अभियंता) है।

**22.** **तीन व्यक्तियों A, B और C ने काले, नीले तथा नारंगी रंग (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) की कमीज़ तथा हरे, पीले तथा नारंगी रंग (अनिवार्यतः इसी क्रम में नहीं) की पैंट पहनी थी। किसी भी व्यक्ति ने समान रंग की कमीज़ तथा पैंट नहीं पहनी। पुनश्च दिया गया है कि-**

**1. A ने काले रंग की कमीज़ नहीं पहनी।**

**2. B ने नीले रंग की कमीज़ नहीं पहनी।**

**3. C ने नारंगी रंग की कमीज़ नहीं पहनी।**

**4. A ने हरे रंग की पैंट नहीं पहनी।**

**5. B ने नारंगी रंग की पैंट पहनी।**

**C ने क्रमशः कौन-से रंग की पैंट तथा कमीज़ पहनी थी?**

(a) नारंगी तथा काला (b) हरा तथा नीला
(c) पीला तथा नीला (d) पीला तथा काला

**उत्तर—(b)**

प्रश्नानुसार व्यवस्थित करने पर-

| व्यक्ति | कमीज | पैंट |
|---|---|---|
| A | नारंगी/नीला | पीला |
| B | काला/नारंगी | नारंगी |
| C | काला/नीला | हरा |

चित्रानुसार स्पष्ट है कि C ने हरे रंग की पैंट तथा नीले रंग की कमीज पहन रखी है, क्योंकि हरे पैंट के साथ नीले का ही संयोजन है।

**निर्देश : (23-27) नीचे दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ने के पश्चात् दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए—**

**सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V प्रतिदिन एक विशेष गाड़ी से अपने-अपने कार्यालय जाते हैं। यह गाड़ी क्रमशः पांच स्टेशनों पर रुकती है— रीवा, सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी। गाड़ी इन स्टेशनों से पूर्व अपने मूल स्टेशन से चलती है।**

(i) तीन व्यक्ति गाड़ी में मूल स्टेशन से चढ़ते हैं।

(ii) U जिस स्टेशन पर उतरता है, उसके अगले स्टेशन पर S उतरता है।

(iii) Q न तो P और न ही T के साथ उतरता है।

(iv) V अकेला कटनी में चढ़ता है और R के साथ एक स्टेशन गुजरने के बाद उतरता है।

(v) P मात्र दो लगातार स्टेशनों की यात्रा करने के बाद इटारसी उतर जाता है।

(vi) सतना में कोई भी नहीं चढ़ता।

(vii) R, U के साथ तो चढ़ता है परंतु Q और S के साथ नहीं चढ़ता।

(viii) T दो व्यक्तियों के साथ चढ़ता है, परंतु अकेला उतरता है S के उतरने के बाद।

(ix) Q और S एक ही कार्यालय में काम करते हैं और कटनी साथ उतरते हैं।

(x) रीवा पर कोई भी नहीं उतरता।

**नोट : प्रश्न 1के हल हेतु प्रश्न में दिए गये निर्देशों के आधार पर निर्मित निम्न सारणी को देखें—**

| व्यक्ति | चढ़ना | उतरना |
|---|---|---|
| P | – | इटारसी |
| Q | – | कटनी |
| R | – | इटारसी |
| S | – | कटनी |
| T | मूल स्टेशन | जबलपुर |
| U | – | सतना |
| V | कटनी | इटारसी |

**23. R और U किस स्टेशन पर चढ़ते हैं?**

(a) रीवा (b) सतना
(c) कटनी (d) अपर्याप्त आंकड़े

**उत्तर—(d)**

T के साथ मूल स्टेशन से R,U अथवा Q, S चढ़ेंगे।
P दो स्टेशनों की यात्रा के बाद इटारसी उतरता है अर्थात वह कटनी में चढ़ता है। परंतु निर्देश (iv) के अनुसार, V अकेला कटनी में चढ़ता है।
दिए गए आंकड़ें के अनुसार R, U किस स्टेशन पर चढ़ते हैं, स्पष्ट नहीं है अतः दिए गए आंकड़े अपर्याप्त हैं।

**24. Q और S किस स्टेशन पर चढ़ते हैं?**

(a) रीवा (b) मूल स्टेशन
(c) कटनी (d) अपर्याप्त आंकड़े

**उत्तर—(d)**

Q और S किस स्टेशन पर चढ़ते हैं यहां दिए गए आंकड़ों से स्पष्ट नहीं है। अतः दिए गए आंकड़े अपर्याप्त हैं।

**25. कितने स्टेशन गुजरने के बाद T उतरता है?**

(a) एक (b) दो
(c) चार (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर—(c)**

T, चार स्टेशन गुजरने के बाद जबलपुर में उतरता है।

**26. U के उतरने के कितने स्टेशनों के बाद T उतरता है?**

(a) अगला स्टेशन (b) तीन
(c) दो (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर—(c)**

U के सतना में उतरने के दो स्टेशनों के बाद जबलपुर में T उतरता है।

**27. T किस स्टेशन पर उतरता है?**

(a) सतना (b) कटनी
(c) जबलपुर (d) अपर्याप्त आंकड़े

**उत्तर—(c)**

T, जबलपुर स्टेशन पर उतरता है।

**28. छः स्त्रियों की मंडली में चार नर्तकियां, चार गायिकाएं, एक अभिनेत्री और तीन वायलिन वादिकाएं हैं। गिरिजा और वनजा वायलिन वादिकाएं हैं, तो जलजा और शैलजा वायलिन बजाना नहीं जानतीं। शैलजा और तनूजा नर्तकियां हैं। जलजा, वनजा, शैलजा और तनूजा सभी गायिकाएं हैं और उनमें से दो वायलिन वादिकाएं भी हैं। यदि पूजा अभिनेत्री है, तो निम्नलिखित में से कौन नर्तकी भी है और वायलिन वादिका भी?**

(a) जलजा (b) शैलजा
(c) तनूजा (d) पूजा

**उत्तर—(c)**

दिए गए कथनों को चार्ट के आधार पर व्यवस्थित करने पर—

| नाम / कार्य | नर्तकियां | गायिका | अभिनेत्री | वायलिन वादिका |
|---|---|---|---|---|
| गिरिजा | × | × | × | √ |
| वनजा | × | √ | × | √ |
| जलजा | × | √ | × | × |
| शैलजा | √ | √ | × | × |
| तनूजा | √ | √ | × | √ |
| पूजा | × | × | √ | × |

उपरोक्त से स्पष्ट है कि तनूजा नर्तकी के साथ-साथ वायलिन वादिका भी है।

**निर्देश : (प्रश्न संख्या 29-31) निम्नलिखित सूचना को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—**

(i) A, B, C, D, E, F तथा G एक परिवार के सात सदस्य हैं।
(ii) इनमें से छः का अलग-अलग एकाउंटेंट, वकील, अध्यापक, मैनेजर, डॉक्टर, इंजीनियर का व्यवसाय है और एक विद्यार्थी है।
(iii) परिवार में दो विवाहित जोड़े हैं।
(iv) A और F का व्यवसाय क्रमशः एकाउंटेंट व डॉक्टर का है।
(v) D, B के पिता और G के दादा/नाना हैं और इंजीनियर हैं।
(vi) कोई भी महिला न तो इंजीनियर है और न ही वकील है।
(viii) G जो विद्यार्थी है E का पोता/नाती है।

**29. परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं?**

(a) 4 (b) 5
(c) 3 (d) अपर्याप्त आंकड़े

**उत्तर—(d)**

| सदस्य | संबंध | व्यवसाय | पुरुष/महिला |
|---|---|---|---|
| A | – | एकाउंटेंट | – |
| B | – | – | – |
| C | – | – | – |
| D | B के पिता G के दादा/नाना | इंजीनियर | पुरुष |
| E | G की दादी/नानी | अध्यापक या मैनेजर | महिला |
| F | – | डॉक्टर | – |
| G | E का पोता/नाती | विद्यार्थी | पुरुष |

प्रश्न में दिए गए आंकड़ों से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि A, B, C, F में कौन पुरुष है तथा कौन स्त्री है। अतः दिए गए आंकड़ों से पुरुष सदस्यों की निश्चित संख्या ज्ञात करने के लिए सूचनाएं अपर्याप्त हैं।

**30. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म विवाहित जोड़ा है?**

(a) BE (b) DE
(c) BD (d) AC

**उत्तर—(b)**

G की दादी या नानी E हैं तथा G के दादा या नाना D हैं।
∴ D,E का पति है
अतः DE विवाहित जोड़ा है। जबकि विकल्प (d) में दिया गया जोड़ा AC, प्रश्न में दिए गए आंकड़ों से स्पष्ट नहीं हो रहा है कि विवाहित जोड़ा है।

**31. C का G से क्या संबंध है?**

(a) अपर्याप्त आंकड़े (b) चाची/मामी का
(c) बहन का (d) मां का

**उत्तर—(a)**

प्रश्न में दिए गए आंकड़ों से C का G से संबंध स्पष्ट नहीं हो रहा है। अतः आंकड़े अपर्याप्त हैं।

**32. A और B कवि और विद्यार्थी हैं, B और C पहलवान तथा विद्यार्थी हैं, D और C विद्यार्थी और व्यापारी हैं, A और E समाजसेवी हैं; B, C तथा E पहलवान हैं; A, B तथा D कवि हैं; कौन कवि, पहलवान और विद्यार्थी है?**

(a) A (b) B

(c) C (d) D

उत्तर—(b)

| कवि | विद्यार्थी | पहलवान | व्यापारी | समाजसेवी |
|---|---|---|---|---|
| A, (B), D | A, (B) | | | |
| | (B), C<br>D, C | (B), C, E | D, C | A, E |
| A, (B), D | | (B), C, E | | |

उपर्युक्त चित्रात्मक विवरण से स्पष्ट है कि 'B' कवि, पहलवान और विद्यार्थी है।

**33. चार छात्रों को A, B, C तथा D से नामांकित किया गया है। A और B गणित तथा भौतिकी, C और D सांख्यिकी तथा अर्थशास्त्र, B और C अर्थशास्त्र तथा गणित और A और D भौतिकी तथा सांख्यिकी पढ़ते हैं। इनमें से कौन गणित, भौतिकी तथा सांख्यिकी पढ़ते हैं?**

(a) A (b) B

(c) C (d) D

उत्तर—(a)

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| गणित | ✓ | ✓ | ✓ | × |
| भौतिकी | ✓ | ✓ | × | ✓ |
| अर्थशास्त्र | × | ✓ | ✓ | ✓ |
| सांख्यिकी | ✓ | × | ✓ | ✓ |

उपर्युक्त चार्ट से स्पष्ट है कि छात्र A गणित, भौतिकी एवं सांख्यिकी पढ़ता है।

**34. एक विद्यार्थी को एक पाठ्यक्रम के लिए 5 विषयों, नामतः वाणिज्य, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, गणित I और गणित II में से 2 विषयों को चुनना है। गणित II केवल तभी चुना जा सकता है, जब गणित I भी चुना गया हो। दो विषयों के चुने जा सकने वाले संभव संयोजनों की संख्या क्या है ?**

(a) 5 (b) 6

(c) 7 (d) 8

उत्तर—(c)

पाठ्यक्रम के पांचों विषय वाणिज्य, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, गणित I और गणित II हैं। दो विषयों के एक साथ चुने जा सकने की संभव संयोजन = वाणिज्य तथा अर्थशास्त्र, वाणिज्य तथा सांख्यिकी, वाणिज्य तथा गणित I, अर्थशास्त्र तथा सांख्यिकी, अर्थशास्त्र तथा गणित I, सांख्यिकी तथा गणित I और गणित II तथा गणित I । अतः कुल संभव संयोजनों की संख्या 7 है।

**निर्देश-(प्रश्न क्र. 35 से 38) :**

**नीचे दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न के उत्तर दीजिए :**

**सचिन, राहुल, वीरेंद्र, अनिल एवं ईशांत, लाल, नीली, सफेद, काली और भूरी पैंट एवं टोपी पहने हुए हैं (क्रम में नहीं)। कोई भी एक ही रंग की पैंट और टोपी नहीं पहने हुए हैं। सभी की पैंटों के रंग एवं टोपियों के रंग अलग-अलग हैं। पांचों एक-एक सामान-बैट, बॉल, स्टम्प्स, ग्लोब्स एवं पैड्स में से ले जा रहे हैं।**

(i) सचिन भूरी टोपी पहने है।

(ii) ईशांत की पैंट का रंग नीला या लाल नहीं है।

(iii) ग्लोब्स उसके द्वारा ले जाए जा रहे हैं, जो नीली पैंट पहने है।

(iv) राहुल सफेद टोपी पहने है।

(v) वीरेंद्र काली पैंट पहने है।

(vi) अनिल लाल टोपी और भूरी पैंट पहने है।

(vii) जो लाल पैंट पहने है, वह पैड्स ले जा रहा है।

(viii) जो भूरी पैंट पहने है, वह बैट ले जा रहा है।

| क्र. सं. | व्यक्ति | टोपी | पैंट | सामान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अनिल | लाल | भूरी | बैट |
| 2. | सचिन | भूरी | नीली/लाल | ग्लोब्स/पैड्स |
| 3. | राहुल | सफेद | नीली/लाल | ग्लोब्स/पैड्स |
| 4. | वीरेंद्र | नीली | काली | बॉल/स्टम्प्स |
| 5. | ईशांत | काली | सफेद | बॉल/स्टम्प्स |

**35. वीरेंद्र की टोपी का रंग क्या है?**

(a) लाल (b) सफेद

(c) नीला (d) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**M.P.P.C.S. (Pre) 2008**

उत्तर—(c)

वीरेंद्र की टोपी का रंग नीला है।

**36. जो सफेद पैंट पहने है, वह कौन-सा सामान ले जा रहा है?**

(a) स्टम्प्स (b) बॉल

(c) ग्लोब्स (d) स्टम्प्स या बॉल

उत्तर—(d)

उपरोक्त चार्ट के अनुसार जो सफेद पैंट पहने है वह स्टम्प्स या बॉल ले जा रहा है।

**37. नीली पैंट कौन पहने है?**

(a) सचिन (b) ईशांत

(c) सचिन या राहुल (d) राहुल या ईशांत

**उत्तर—(c)**

नीली पैंट या तो सचिन ने या राहुल ने पहनी है।

**38. यदि राहुल लाल पैंट पहने है, तो सही संयोजन है :**

(a) सचिन : भूरी टोपी-काली पैंट

(b) अनिल : लाल टोपी-नीली पैंट

(c) वीरेंद्र : नीली टोपी-भूरी पैंट

(d) ईशांत : काली टोपी-सफेद पैंट

**उत्तर—(d)**

यदि राहुल लाल पैंट पहने है, तो सही संयोजन विकल्प (d) में दिया गया है।

**आगे आने वाले 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश : निम्नलिखित सूचना पर यह विचार करते हुए आगे दिए गए तीन प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए।**

**छः बक्सों A, B, C, D, E और F को छः विभिन्न रंगों- बैंगनी, आसमानी, नीला, हरा, पीला और नारंगी से रंगा गया है और उन्हें बाएं से दाएं की ओर क्रम में रखा गया है (आवश्यक नहीं कि इसी क्रम के रंगों में रखे गए अथवा रंगे गए)। प्रत्येक बक्से में छः खेलों- क्रिकेट, हॉकी, टेनिस, गोल्फ, फुटबॉल और वॉलीबॉल की गेंदों में से कोई एक गेंद रखी गई है (आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में)। गोल्फ की गेंद बैंगनी बक्से में है और वह D बक्से में नहीं है। बक्से A का, जिसमें टेनिस बॉल है, रंग नारंगी है और वह दाईं ओर के अंत में रखा है। हॉकी की गेंद न तो बक्से D में है, न ही बक्से E में। बक्से C का जिसमें क्रिकेट की गेंद है, रंग हरा है। हॉकी की गेंद वाला बक्से न तो नीले रंग से रंगा है न ही पीले रंग से। बक्से C, दाईं ओर से पांचवें स्थान पर है और बक्से B के बगल में है। बक्से B में वॉलीबॉल है। हॉकी की गेंद वाला बक्से गोल्फ की गेंद वाले और वॉलीबॉल वाले बक्सों के बीच में है।**

**39. निम्नलिखित में से कौन-से बक्से में गोल्फ की गेंद है?**

(a) F

(b) E

(c) D

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर—(b)**

चूंकि प्रश्न में बक्सों के क्रय से संबंधित प्रश्न नहीं है

∴ बक्सों के क्रम को ध्यान न देते हुए प्रश्न को हल करने पर,

| बक्सा | रंग | गेंद |
|---|---|---|
| A | नारंगी | टेनिस |
| E | बैंगनी | गोल्फ |
| C | हरा | क्रिकेट |
| F | आसमानी | हॉकी |
| B | पीला/नीला | वॉलीबॉल |
| D | पीला/नीला | फुटबॉल |

अतः स्पष्ट है कि गोल्फ की गेंद E बक्से में हैं।

**40. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

(a) D पीले रंग से रंगा है।

(b) F आसमानी रंग से रंगा है।

(c) B नीले रंग से रंगा है।

(d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त सारणी से स्पष्ट है कि कथन (b) 'बक्से F आसमानी रंग से रंगा है',सही है।

**41. फुटबॉल किस रंग के बक्से में है?**

(a) पीला

(b) आसमानी

(c) आंकड़े अपर्याप्त होने के कारण निर्धारित नहीं किया जा सकता

(d) नीला

**उत्तर—(c)**

फुटबॉल D बक्से में है जिसका रंग या तो पीला अथवा नीला हो सकता है। अतः आंकड़े अपर्याप्त होने के कारण निर्धारित नहीं किया जा सकता।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 42 से 46): P, Q, R, S और T पांच व्यक्ति हैं। एक टेनिस का खिलाड़ी, एक चेस का खिलाड़ी और एक हॉकी का खिलाड़ी है। P और S अविवाहित महिलाएं हैं तथा कोई भी खेल नहीं खेलती हैं। कोई भी महिला न तो चेस और न ही टेनिस खेलती है। इनमें से एक विवाहित जोड़ा है जिसमें T पति है। Q, R का भाई है और वह न तो चेस का खिलाड़ी है और न ही हॉकी का खिलाड़ी है।**

**42. इनमें से टेनिस का खिलाड़ी कौन है?**

(a) P (b) Q

(c) R (d) S

**उत्तर—(b)**

अविवाहित
P और S

| | P | Q | R | S | T |
|---|---|---|---|---|---|
| टेनिस | × | ✓ | × | × | × |
| चेस | × | × | × | × | ✓ |
| हॉकी | × | × | ✓ | × | × |

प्रश्नानुसार उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि 'Q' एक टेनिस खिलाड़ी है।

**43. इनमें से हॉकी का खिलाड़ी कौन है?**

(a) P (b) Q

(c) R (d) S

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि 'R' एक हॉकी खिलाड़ी है।

**44. इनमें से चेस का खिलाड़ी कौन है?**

(a) P (b) Q

(c) R (d) T

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि 'T' एक चेस खिलाड़ी है।

**45. इनमें से T की पत्नी कौन है?**

(a) P (b) Q

(c) R (d) S

**उत्तर—(c)**

दिए गए निर्देश से स्पष्ट है कि 'T' की पत्नी R होगी।

**46. इनमें से तीन महिलाएं हैं -**

(a) P, Q, R (b) Q, R, S

(c) P, Q, S (d) P, R, S

**उत्तर—(d)**

उपर्युक्त चित्र से स्पष्ट है कि P, R,S तीन महिलाएं हैं।

**निम्नलिखित पांच (05) प्रश्नांशों के लिए निर्देश : नीचे दी गई सूचना पर विचार कीजिए और इसके बाद आने वाले पांच प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए।**

**एक दल में पांच व्यक्ति हैं- P, Q, R, S और T दल में एक चिकित्सक, एक वकील और एक कलाकार है। P और S अविवाहित विद्यार्थी हैं। T एक पुरुष है जिसका विवाह दल के एक सदस्य से हुआ है। Q, P का भाई है और वह न तो चिकित्सक है, न ही कलाकार। R चिकित्सक नहीं है।**


**47. चिकित्सक कौन है?**

(a) T (b) P

(c) Q (d) R

**उत्तर—(a)**

प्रश्नानुसार सूचना के आधार पर ग्राफ बनाने पर




उपर्युक्त ग्राफ द्वारा स्पष्ट है कि 'T' चिकित्सक होगा।

**48. कलाकार कौन है?**

(a) P (b) Q

(c) R (d) T

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि 'T' की पत्नी 'R' निश्चित रूप से कलाकार होगी।

**49. R का पति/पत्नी कौन है?**

(a) P (b) T

(c) Q (d) S

**उत्तर—(b)**

उपर्युक्त ग्राफ से स्पष्ट है कि 'R' का पति 'T' होगा।

**50. वकील कौन है?**

(a) P (b) Q

(c) R (d) S

**उत्तर—(b)**

प्रश्नगत सूचना के आधार पर स्पष्ट है कि 'Q' वकील होगा।

**51. निम्नलिखित में से कौन निश्चित रूप से पुरुष है?**

(a) P (b) S

(c) Q (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर—(c)**

उपर्युक्त ग्राफ से निश्चित रूप से ज्ञात होता है कि दल में 'T' एवं 'Q' निश्चित ही पुरुष हैं। चूंकि विकल्पों में 'Q' ही दिया गया है। इस कारण विकल्प (c) सही उत्तर होगा।